# रात की बारिश बनी किसानों के लिए वरदान

## गेहूं-चना की फसलों को मिला अमृत समान पानी

**सलामतपुर,28 जनवरी. अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में बीती रात हुई बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है. लंबे समय से सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं रही. खासकर सूखी खेती करने वाले किसानों के लिए यह पानी अमृत समान साबित हुआ है.**

सुकासेन गांव के उन्नत किसान गुफरान अहमद जाफरी ने बताया कि यह 'माहोट का पानी' माना जाता है, जो फसलों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है. उन्होंने कहा कि इस बार बारिश ने बिना किसी नुकसान के गेहूं और चना की फसलों को सीधा लाभ पहुंचाया है. रात के समय हुई



अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनी, जिससे फसलों को प्राकृतिक पोषण मिला.

किसानों बबलू पठान, लालजीराम चौकसे, राकेश मीणा, बलवंत ठाकुर, असलम मेवाती व शफीक खान ने बताया कि बारिश का पानी यूरिया के समान कार्य करता है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक नाइट्रोजन होती है, जिससे फसल की बढ़वार तेज होती है और दाने मजबूत बनते हैं. अब बार-बार सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे डीजल और बिजली की लागत में कमी आएगी.

वहीं चना की फसल पर भी बारिश का सकारात्मक असर पड़ा है. किसानों का कहना है कि बारिश सही समय पर हुई है. यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस वर्ष गेहूं और चना का उत्पादन बेहतर होगा. सलामतपुर सहित आसपास के गांवों के किसानों को इससे बड़ी राहत मिली है.

# भगवंतपुर में घर से 19 वर्षीय युवती लापता

- परिजनों ने पुलिस से लगाई ढूंढने की गुहार
- पांच भाई-बहनों में सबसे लाड़ली थी लापता युवती



**सलामतपुर,28 जनवरी. थाना क्षेत्र अंतर्गत युवतियों के घर से लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. इसी क्रम में भगवंतपुर कॉलोनी गांव से एक 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है. युवती के अचानक गायब होने से परिजन बेहद परेशान हैं और उन्होंने पुलिस से उसे जल्द तलाशने की गुहार लगाई है.**

थाने के प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवंतपुर कॉलोनी निवासी नंदराम धानक की 19 वर्षीय पुत्री पायल धानक देर रात घर से बिना बताए लापता हो गई. परिजनों के अनुसार मंगलवार रात सभी परिवारजन भोजन करने के बाद लगभग 10 से 11 बजे के बीच सो गए थे.

देर रात करीब 2 बजे पायल की बड़ी बहन बबली की नींद खुली तो उसने देखा कि पायल अपने बिस्तर पर मौजूद नहीं है. इसकी जानकारी तत्काल माता लक्ष्मीबाई एवं पिता नंदराम को दी गई. इसके बाद परिजनों ने मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां पायल की तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला. बुधवार सुबह परिजन थाने पहुंचे और गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई. बताया गया है कि पायल पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी और परिवार की लाड़ली थी.

**इनका कहना है**

भगवंतपुर कॉलोनी गांव से एक युवती के लापता होने की सूचना मिली है. आसपास के थानों में युवती का फोटो भेजा गया है. गुम इंसान दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर

## एक नजर में



### वंशज ग्लोबल हाईट्स स्कूल ने ग्रुप डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सिलवानी.** नगर परिषद द्वारा संदिपनी विद्यालय प्रांगण में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक समारोह में वंशज ग्लोबल हाईट्स स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया. विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ग्रुप डांस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. बच्चों की इस उपलब्धि पर नगर परिषद द्वारा उन्हें शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने बच्चों के आत्मविश्वास, तालमेल और भावपूर्ण नृत्य की जमकर सराहना की. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रशंसा की. कार्यक्रम में भाजपा नेता विभोर नायक, नगर परिषद सीएमओ ऋषिकांत यादव, संदिपनी विद्यालय के प्राचार्य एन.पी. शिल्पी, पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य सोनल नामदेव सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.




### गणतंत्र दिवस पर शा. हाई स्कूल खैरी में शिक्षकों का सम्मान

**बम्होरी.** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शासकीय हाई स्कूल खैरी में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ऑल इंडिया मंसूरी समाज संगठन, जिला रायसेन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जलील मंसूरी के नेतृत्व में संगठन की समस्त टीम ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव होते हैं. शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई शिक्षा एवं संस्कार ही विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार, अनुशासित और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाते हैं. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों पर शिक्षकों का सम्मान करना लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है. समारोह के दौरान विद्यालय परिवार ने इस सम्मान के लिए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में राष्ट्रभक्ति के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



### सरार ग्राम पंचायत में 77वां गणतंत्र दिवस अनोखे अंदाज़ में, बेटियों के जन्म पर माताओं का सम्मान

**सलामतपुर,28 जनवरी.** सरार ग्राम पंचायत में 77वां गणतंत्र दिवस इस वर्ष एक प्रेरणादायी और अलग अंदाज़ में मनाया गया. ग्राम पंचायत सरपंच नरेश चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देते हुए बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाया गया और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के दौरान 15 अगस्त 2025 से 26 जनवरी 2026 के बीच जिन महिलाओं ने बेटी को जन्म दिया, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया. सरपंच नरेश चौधरी ने इन माताओं को शील्ड, मिठाई एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर ग्राम पंचायत की तीन महिलाओं—निकिता विश्वकर्मा, सावित्री अहिरवार एवं राजकुमारी अहिरवार—को सम्मानित किया गया. सरपंच नरेश चौधरी ने कहा कि बेटियां समाज का भविष्य हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है. ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया और आयोजन को सफल बताया.

# ग्राम भोडिया में शा.भूमि व शमशान घाट पर अतिक्रमण

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी, 28 जनवरी. ग्राम पंचायत नीगरी अंतर्गत ग्राम भोडिया में शासकीय भूमि, प्राथमिक शाला परिसर, शमशान घाट एवं सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बुधवार को ग्रामवासियों ने तहसीलदार सुधीर शुक्ला को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया.**



ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है. इसके अलावा शमशान घाट तथा चतुर के मकान से शांतिधाम तक जाने वाला सार्वजनिक मार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में है. पूर्व में शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भोडिया से नीगरी की दूरी लगभग आठ किलोमीटर होने के कारण राशन वितरण में कठिनाई होती है. मजदूर वर्ग के लोगों को राशन लेने में पूरा दिन लग जाता है. वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क जर्जर अवस्था में है तथा पुलियाएं धंस चुकी हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है.

ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, गांव में राशन दुकान खोलने, सड़क मरम्मत कराने तथा बच्चों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था करने की मांग की है.




# चिंगवाड़ा कलां में सीताराम संकीर्तन में पहुंचे विधायक देवेंद्र पटेल

- हनुमान मंदिर के लिए 2 लाख की घोषणा

**बम्होरी,28 जनवरी. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगवाड़ा कलां में मंगलवार को सीताराम मंदिर परिसर में आयोजित 24 घंटे के अखंड श्री सीताराम संकीर्तन में सिलवानी विधायक एवं रायसेन जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल शामिल हुए.**

इस अवसर पर उन्होंने हनुमान मंदिर के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 2 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की. विधायक की इस घोषणा पर उपस्थित ग्रामीणों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों ने उनका आभार व्यक्त किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे क्षेत्र की उन्नति, प्रगति और समग्र विकास को गति मिलती है. उन्होंने नागरिकों से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने का आह्वान किया. संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने भगवान श्री राजाराम सरकार एवं संकट मोचन श्री पवनसुत हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना की.

## हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**उदयपुरा.** 77वें गणतंत्र दिवस पर नगर की शासकीय, अशासकीय और सार्वजनिक संस्थाओं में उल्लासपूर्ण माहौल में तिरंगा फहराया गया. स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में गगनभेदी नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली. मुख्य समारोह स्थानीय अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में नगर परिषद उदयपुरा के तत्वावधान में आयोजित हुआ. नगर परिषद अध्यक्ष सीमा बृजेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. समारोह में प्रमुख रूप से समाजसेवी एवं युवा नेता अभिज्ञान नरेंद्र पटेल उपस्थित रहे. बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक, परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी-कर्मचारी, मातृशक्ति एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे. नगर परिषद अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, तत्पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया.



# रोमांचक फाइनल में ब्रह्मचारी क्लब उत्तरप्रदेश विजेता

**खामखेड़ा एमपी उपविजेता**

**बम्होरी, 28 जनवरी. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मजगवा में बजरंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ. फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें ब्रह्मचारी क्लब उत्तर प्रदेश ने खामखेड़ा मध्यप्रदेश को कड़े संघर्ष में 3-2 सेट से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया.**

समापन अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने विजेता टीम को 11,000 नगद राशि एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 7,000 नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया. इससे पूर्व विधायक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया. समारोह को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और खेल भावना का विकास करते हैं.

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न राज्यों की टीमों के मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा. कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# एसपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

- स्व. मोहन साहू की स्मृति में आयोजित

**सिलवानी, 28 जनवरी. शासकीय महाविद्यालय खेल मैदान में स्वर्गीय मोहन साहू की स्मृति में आयोजित एसपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन मंगलवार को हुआ. यह प्रतियोगिता 19 जनवरी से लगातार आयोजित की जा रही थी, जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कृष्णा इलेवन एवं नेचर इलेवन बम्होरी के बीच खेला गया. फाइनल मैच में कृष्णा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए



निर्धारित ओवरों में 104 रन बनाए. जवाब में नेचर इलेवन बम्होरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया और फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया.

समापन समारोह में भाजपा नेता विभोर नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है. ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं. उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही.

समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम में भाजपा मंत्री संदीप शर्मा, कांता यादव, दीपेश जैन, प्रदीप कुशवाहा, मनीष मालवीय, आशीष जैन, रूपेश कुशवाहा, पार्षद लखन मेहरा, गुड्डू भाई, बाबू पटेल, मयंक नेमा, जालम रैकवार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, गणमान्य नागरिक एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे.

**श्रीराम कथा** ▶ भगवान से संबंध के बिना अधूरा है मानव जीवन

# सत्संग से मिलती है जीवन को दिशा : दिनेशाचार्य

**सिलवानी,28 जनवरी. मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य भगवान से संबंध स्थापित करना है. ईश्वर से नाता जुड़े बिना मानव जीवन अधूरा है. संसारिक रिश्तों में उलझकर मनुष्य ईश्वर को भूल जाता है, जबकि भगवान से संबंध बनने पर ही जीवन का वास्तविक कल्याण संभव है. उक्त विचार ग्राम साईंखेड़ा में आयोजित 11 कुंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु दिनेशाचार्य जी महाराज ने व्यक्त किए.**

सिलवानी अंचल के ग्राम साईंखेड़ा में चल रहे महायज्ञ एवं श्रीराम कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय, राष्ट्रभाव एवं धार्मिक चेतना से ओत-प्रोत हो गया है.



बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गांव का वातावरण राममय बना हुआ है. महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य श्रीराम कृपालु महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत किया जा रहा है, वहीं श्रीराम कथा का भावपूर्ण एवं ओजस्वी वाचन जगद्गुरु दिनेशाचार्य महाराज द्वारा किया जा रहा है.

महाराज जी ने कहा कि सत्संग से ही मनुष्य के विचार शुद्ध होते हैं और जीवन को सही दिशा मिलती है. उन्होंने भारत भूमि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह वही पावन धरती है, जिसके लिए असंख्य वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है. ऐसे शहीद सदैव देशवासियों के हृदय में जीवित रहते हैं.

उन्होंने कहा कि राष्ट्र और धर्म एक-दूसरे के पूरक हैं. भारत की संस्कृति संपूर्ण विश्व को शांति का संदेश देती है. सनातन धर्म की जड़ें अत्यंत मजबूत हैं, जिन्हें कोई भी शक्ति कमजोर नहीं कर सकती. श्रीराम को आदर्श बताते हुए उन्होंने कहा कि रामचरितमानस केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही मार्ग दिखाने वाला दर्शन है.

# मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी आपत्तियों को रद्द करने की मांग

- मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**बेगमगंज,28 जनवरी. क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फर्जी एवं झूठी आपत्तियां लगाए जाने की जानकारी सामने आई. इसके विरोध में मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली एवं उलेमा-ए-दीन के नेतृत्व में समुदाय के लोग बड़ी संख्या में नारेबाजी करते हुए पुराना बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम सौरभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में मांग की गई कि बिना किसी साक्ष्य के लगाई गई सभी आपत्तियों को तत्काल निरस्त



किया जाए तथा इस साजिश में शामिल दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए. कमेटी ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तरह 143 सिलवानी विधानसभा अंतर्गत बेगमगंज क्षेत्र में भी सुनियोजित तरीके से 98 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम कटवाने के उद्देश्य से आपत्तियां लगाई गई हैं. एक ही हैंडराइटिंग में एक व्यक्ति के नाम से दर्जनों आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं.